भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 741

दिनांक 07 फरवरी, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

चिकित्सक जनसंख्या अनुपात

741. श्रीमती माला राय:

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) दिनांक 31.12.2024 तक, देशभर में चिकित्सक जनसंख्या अनुपात का राज्यवार ब्यौरा क्या है; और

(ख) दिनांक 31.12.2024 तक, देशभर में केंद्रीय सरकार के अस्पतालों में आईसीयू और सामान्य बेड की कुल संख्या राज्यवार कितनी है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क): राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, देश में 13,86,150 पंजीकृत एलोपैथिक चिकित्सक हैं। आयुष मंत्रालय ने बताया है कि आयुष चिकित्सा पद्धति में 7,51,768 पंजीकृत चिकित्सक हैं। यह मानते हुए कि एलोपैथिक और आयुष दोनों प्रणालियों में 80% पंजीकृत चिकित्सक उपलब्ध हैं, देश में चिकित्सक-जनसंख्या अनुपात 1:811 होने का अनुमान है।

(ख) केंद्र सरकार के अस्पतालों अर्थात सफदरजंग अस्पताल, डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल और लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज एवं संबद्ध अस्पतालों में बिस्तरों की उपलब्धता के आंकड़े निम्नानुसार हैं:

अस्पताल का नाम	आईसीयू बिस्तरों की संख्या	बिस्तरों की संख्या
सफदरजंग अस्पताल	269	2995
लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज एवं संबद्ध अस्पताल	106	1800
डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल	139	1538

******